देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 167 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
सही साबित हो रही भारत की नीति



देहरादून, बृहस्पतिवार, 6 अक्टूबर 2022

# पेज थ्री



मौसम | अधिकतम 28.0° | न्यूनतम 21.0° | 42914.32

2 खेरसान से पीछे भागी रूसी सेना | 7 टेंशन में सूर्यकुमार यादव

# एवलांच के प्रभावितों को आर्थिक सहायता की घोषणा

## 10 शव बरामद, 14 का रेस्क्यू, द्रौपदी डांडा –2 के हवाई निरीक्षण के लिए रवाना हुए मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी द्रौपदी का डांडा में एवलांच आने के बाद लापता करीब 25 पर्वतारोहियों की खोजबीन के लिए घटना के दूसरे दिन बुधवार तड़के से बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। अभी तक 10 शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं 14 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आइटीबीपी हेलीपैड मातली पहुंचे। यहां उन्होंने द्रौपदी का डांडा–2 पर्वत चोटी में हिमस्खलन की चपेट में आए निम के प्रशिक्षणार्थियों हेतु चल रहे बचाव एवं राहत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की समीक्षा भी की।

उत्तरकाशी पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मातली स्थित आइटीबीपी कैंप में द्रौपदी का डांडा–दो पर्वत चोटी में हुए हिमस्खलन से प्रभावित पर्वतारोहियों के बारे में जिला प्रशासन के अधिकारियों, क्षेत्रीय विधायक सुरेश चौहान, एनडीआरएफ, आइटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं स्वजन के साथ मुलाकात कर रेस्क्यू आपरेशन की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तरकाशी से एवलांच के स्थान द्रौपदी डांडा –2 पर्वत चोटी के हवाई निरीक्षण के लिए रवाना हुए।

**बड़ी दरारों में फंसे होने का अनुमानः** लापता सदस्यों के एवलांच में दबने और ग्लेशियर के बीच बड़ी दरारों (क्रेवास) में फंसे होने का अनुमान है। मंगलवार को वायुसेना की टीम की अगुआई में लापता सदस्यों की खोजबीन की गई है, लेकिन मौसम के कारण खोजबीन में बाधा आती रही। बुधवार सुबह फिर से अभियान शुरू किया गया।

**दो चीता हेलीकॉप्टर रेस्क्यू के लिए हर्षिल में तैनातः** वायुसेना ने दो चीता हेलीकॉप्टर रेस्क्यू के लिए हर्षिल में तैनात किए गए हैं। लापता सदस्यों में दिल्ली, बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, असोम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश के प्रशिक्षणार्थी हैं।

**एवरेस्ट विजेता सविता कंसवाल समेत चार की मृत्युः** दल में बतौर प्रशिक्षक शामिल एवरेस्ट विजेता सविता कंसवाल समेत चार की मृत्यु हो चुकी है। दल के आठ सदस्य सुरक्षित हैं। बीते 32 सालों में उत्तराखंड में एवलांच की 16 बड़ी घटनाओं में 60 पर्वतारोहियों की जान जा चुकी है।

### बुधवार तड़के शुरू किया अभियान

एडवांस कैंप से एसडीआरएफ व नेहरू पर्वतारोहण संस्थान की टीम ने भी खोज बचाव टीम ने भी बुधवार तड़के अपना अभियान शुरू कर दिया। बुधवार को हर्षिल आर्मी हेलीपैड से चीता हेलीकॉप्टर मे माध्यम से छह घायलों को लाया गया। इसमें एक प्रशिक्षक व पांच प्रशिक्षु घायलों को मातली उत्तरकाशी पहुंचाया गया है। सभी को हल्की चोट आई हैं।



### मृतकों के परिजनों को उत्तराखंड सरकार देगी 2-2 लाख रूपये

उत्तराखंड सरकार ने प्रभावितों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को प्रभावितों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। इसके तहत मृतकों के परिजनों को 2–2 लाख रूपये, गम्भीर घायल को 1–1 लाख रूपये और सामान्य घायल को 50–50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### रेस्क्यू किये गए व्यक्तियों का विवरण

1. दीप सिंह पुत्र कन्हैया लाल, गुजरात।
2. रोहित भट्ट पुत्र जगदम्बा प्रसाद, टिहरी गढ़वाल।
3. सूरज सिंह, उत्तरकाशी।
4. सुनील लालवानी पुत्र बालचंद, मुम्बई।
5. आकाश पुत्र मुन्नालाल, मुम्बई।
6. अनिल कुमार(नायब सूबेदार, निम) पुत्र विद्याधर सिंह, राजस्थान।
7. मनीष अग्रवाल, दिल्ली।
8. कंचन सिंह, चमोली।
9. अंकित सिंह, देहरादून।
10. प्रदीप कुमार, पश्चिम बंगाल।
11. अंकुर शर्मा, देहरादून।
12. राकेश राणा, उत्तरकाशी। (प्रशिक्षक)
13. बबीता, उत्तरकाशी। (प्रशिक्षक)
14. रेखा, उत्तरकाशी। (प्रशिक्षक)

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने बस दुर्घटना में हुई मौतों पर जताया शोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड जिले में पौड़ी गढ़वाल बस दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बुधवार को हादसे में लोगों के मारे जाने पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा, उत्तराखंड के पौड़ी में हुआ बस हादसा दिल दहला देने वाला है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

### भारतीय सेना का चीता हेलीकॉप्टर हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके के पास भारतीय सेना का एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में एक पायलट की मौत हो गई है। भारतीय सेना के अधिकारी के हवाले से ये जानकारी दी है।यह घटना बुधवार सुबह करीब 10 बजे एक नियमित उड़ान के दौरान हुई।

# घुसपैठ पर दुश्मनों को मिलेगा करारा जवाब

## चीन–पाकिस्तान का नाम लिए बिना केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चेतावनी

**संवाददाता**

देहरादून। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बार दोहराया है कि किसी भी बाहरी आक्रमण को करारा जवाब देने को भारत पूरी तहर से तैयार है। पाकिस्तान या चीन का नाम लिए बना, सिंह ने कहा कि देश की सरहदों में तैनात भारतीय सेना के रणबांकुरे किसी भी तरह की घुसपैठ को मुंहतोड़ जबाव देने को सक्षम हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ ने बदरीनाथ धाम में भी दर्शन किए।

उत्तराखंड दौरे पर आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को औली मिलिट्री स्टेशन पर भारतीय सेना और आईटीबीपी के जवानों के साथ दशहरा मनाया। सिंह ने हथियारों की विशेष पूजा–अर्चना भी की। कहा कि भारत के अंतरराष्ट्रीय सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उनका कहना था कि भारतीय सेना और पैरा मिलिट्री के बहादुरों के होते हुए भारतीय पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

सिंह ने साफतौर पर कहा कि सीमापार आतंकवाद हो या फिर किसी भी तरहा का बाहरी आक्रमण हो, भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब देने को पूरी तरह से तैयार है। भारतीय सेना और अर्द्धसैनिक बलों के बहादुर जवानों को देश की ताकत बताया, और जवानों के परिजनों के साथ पूरा देश खड़ा है।

केंद्रीय मंत्री चीन बॉर्डर पर स्थित अंतिम गांव माणा भी जाएंगे। मालूम हो कि केंदीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को दो दिनी दौरे पर उत्तराखंड आए हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री सिंह का स्वागत किया था। सेना की ओर से आयोजित 'बड़ा खाना' में भी शामिल हुए थे।



# आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करती है मोदी सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बारामूला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार जम्मू–कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करेगी और इसे देश की सबसे शांतिपूर्ण जगह बनाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह की बातचीत से इनकार कर दिया। बारामूला में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने पूछा कि क्या आतंकवाद से कभी किसी को फायदा हुआ है? जम्मू–कश्मीर में 1990 के दशक से अब तक 42,000 लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने जम्मू–कश्मीर में कथित तौर पर विकास न होने के लिए अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रेंस), मुफ्ती (पीडीपी) और नेहरू–गांधी (कांग्रेस) के परिवारों को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि हमें पाकिस्तान से बात करनी चाहिए। हम पाकिस्तान से क्यों बात करें? हम बात नहीं करेंगे। हम बारामूला के लोगों से बात करेंगे, हम कश्मीर के लोगों से बात करेंगे। शाह ने कहा कि कुछ लोग अक्सर पाकिस्तान के बारे में बात करते हैं लेकिन वह जानना चाहते हैं कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के कितने गांवों में बिजली कनेक्शन हैं?

### एलान

■अमित शाह ने पाक के साथ बातचीत करने से किया इनकार

### मोदी ने किया हिमाचल में विजयी का शंखनाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिलासपुर के लुहणू मैदान में रणसिंघा फूंक कर चुनावी विजयी का शंखनाद कर दिया। मोदी ने संबोधन में भी कहा कि विजयादशमी पर रणसिंघा फूंकने का मौका मिला है अब तो विजीय निश्चित है। पीएम मोदी ने बिलासपुर में एम्स सहित चार परियोजनाओं की सौगात दिया। पीएम ने कहा प्रदेश का विकास जनता की बदौलत हुआ है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# विजयदशमी पर देशभर में रावण दहन

**संवाददाता**

देहरादून। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा पूरे देश में मनाया गया। दो साल कोरोनाकाल के बाद इस बार नागरिकों के साथ आयोजकों में भी उल्लास है। विभिन्न जगहों पर आकर्षक रंगीन लाइट में रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतले तैयार किए गए थे। वर्षा की संभावना को देखते हुए पुतले को रेनकोट भी पहनाए गए हैं।

### परेड ग्राउंड में दहन हुए सबसे ऊंचे पुतले

दशहरा कमेटी बन्नू बिरादरी की ओर से शहर के सबसे ऊंचे 65, 60 व 55 फीट के पुतले परेड ग्राउंड में दहन हुए।

वहीं पूर्व संध्या पर परेड ग्राउंड में लगे दशहरे मेले में लोग ने जमकर खरीदारी की। आयोजकों ने आमजन से पुतलों से उचित दूरी बनाने और बच्चों को साथ रखने की अपील की है।

**देहरादून में दशहरा मेला की परंपरा दशकों पुरानीः** वहीं देहरादून में दशहरा मेला की परंपरा दशकों पुरानी है, लेकिन रावण परिवार के पुतलों का दहन की शुरुआत बन्नू बिरादरी ने की। यह बिरादरी विभाजन के बाद 1948 में आए पाकिस्तान के समूहों का परिवार है, जो दून में बस गए थे।

## न्यूज डायरी



### यूक्रेन से निकालना चाहते हैं अपने पालतू जगुआर और पैंथर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। जगुआर कुमार के नाम से मशहूर डा. गिडिकुमार पाटिल को जंग के मद्देनजर यूक्रेन छोड़ना पड़ा। डा. पाटिल आंध्र प्रदेश लौट तो आए लेकिन उनके पालतू जगुआर व पैंथर यूक्रेन में ही रह गए। वहां उनकी देखभाल एक किसान कर रहा है। अब डा. पाटिल ने अपने पालतू जानवरों को वापस लाने की गुहार लगाई है। भारत सरकार के समक्ष अपील कर उन्होंने कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच छिड़े युद्ध की हालातों में अपने पालतू जानवरों को वहां से निकलना पड़ा। अब उनकी प्राथमिकता अपनी कीमती बिल्लियों– यशा और सबरीना को यूक्रेन से रेस्क्यू कराना है। बता दें कि यशा, लेपर्ड और जगुआर की हाइब्रिड नर बिल्ली है। वहीं सबरीना मादा ब्लैक पैंथर है। एक स्थानीय किसान के भरोसे अपने पालतू जानवरों को छोड़ 42 वर्षीय डाक्टर को पूर्वी यूक्रेन के लुहान्सक से निकलना पड़ा। यूक्रेन के सेवेरोदोनेत्सक स्थित एक अस्पताल में डा. पाटिल काम कर रहे थे जिसपर रूस ने बमबारी की थी। यूक्रेन की राजधानी कीव स्थित चिड़ियाघर से दो साल पहले ही डा. पाटिल अपने पालतू जानवरों को लेकर आए थे।

### पीएम मोदी और यूक्रेनी राष्ट्रपति की बातचीत पर खुश हुआ अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और पीएम मोदी के बीच बातचीत पर अमेरिका खुश हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय वाइट हाउस ने पीएम नरेंद्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से फोन पर बात करने का संज्ञान लिया है। वाइट हाउस ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने और अलग–थलग कर दिया है। अमेरिका का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब वह अरबों डॉलर के हथियार यूक्रेन को जंग लड़ने के लिए दे चुका है। वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां पियरे ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम इस बात को लेकर पूरी तरह से स्पष्ट हैं और हम यह बात दुनिया भर के देशों से कह रहे हैं कि वे (यूक्रेन पर रूस के हमले के बारे में) सार्वजनिक तौर पर बोलें और इसमें कूटनीतिक रूप से शामिल होना जारी रखें। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री (मोदी) यही कर रहे हैं।' प्रेस सचिव ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री मोदी के बीच किसी हालिया वार्ता को लेकर उनके पास कुछ कहने के लिए नहीं है।

### पाक को झटका, रक्षा मंत्रालय ने साधी चुप्पी, विदेश मंत्री ने नहीं की मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और अमेरिकी रक्षा लॉयड ऑस्टिन के बीच बहुचर्चित मुलाकात एक गोपनीय कार्यक्रम बनकर रह गई। अमेरिका की ओर से पहले कहा गया था कि जनरल बाजवा का पेंटागन में भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जैसा भव्य स्वागत किया जाएगा। इसमें मीडिया को भी आमंत्रित किया गया था लेकिन ऐन वक्त पर मीडिया को पूरे कार्यक्रम से दूर रखा गया। यही नहीं अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक संक्षिप्त बयान में केवल इतना कहा गया कि अमेरिकी रक्षामंत्री और पाकिस्तानी सेना प्रमुख के बीच मुलाकात हुई है। पाकिस्तान को उम्मीद थी कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी पाकिस्तान के सबसे शक्तिशाली इंसान जनरल बाजवा से मुलाकात करेंगे लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

### फ्लोरिडा के दौरे पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में इयान तूफान से भारी तबाही हुई है। इयान तूफान के अबतक 84 लोगों की जान जा चुकी है। तूफान में 240 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल रही है जिसकी चपेट में आने से कई इलाकों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इयान तूफान से तबाह फ्लोरिडा का दौरा करेंगे। जो बाइडन ने कहा कि राजनिति न करते हुए संघीय और राज्य सरकार सभी एकजुट होकर तूफान से पीड़ित लोगों की मदद करें। तूफान इयान के आने से फ्लोरिडा में हजारों लोग बिजली बहाल होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# क्या अब पुतिन के पास सिर्फ परमाणु हमले का है विकल्प

**नुकसान**

## खेरसान से पीछे भागी रूसी सेना, दोनों सेनाओं को हो रहा नुकसान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मॉस्को। सात महीने से ज्यादा होने के बाद भी रूस और यूक्रेन का युद्ध चल रहा है। यूक्रेन के दक्षिणी काला सागर क्षेत्र के खेरसॉन में रूस की सेना को बड़ा नुकसान हुआ है। रूसी सेना पीछे हटी है। मंत्रालय की ओर से जारी नक्शे में ये बात सामने आई है। मंत्रालय ने दैनिक वीडियो ब्रीफिंग में किसी भी तरह से पीछे हटने का कोई उल्लेख नहीं किया। लेकिन जो नक्शे दिखाए गए उससे पता चलता है कि रूसी सेना का नीपर नदी के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित दुडचानी गांव में कोई नियंत्रण नहीं है। पूर्वोत्तर के खार्कीव क्षेत्र में नक्शे से पता चला है कि रूसी सेना ओस्किल नदी के पश्चिमी तट से पीछे हटी है।

नक्शे से अनुमान है कि रूसी सेना लगभग 20 किमी पीछे हटी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि उनकी सेना ने रूसी सैनिकों को पीछे धकेल दिया है।



दक्षिण और पूर्वी क्षेत्रों में दर्जनों शहरों से कब्जे को खत्म करा दिया गया है। एक वीडियो संबोधन में जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन की सेना मौजूदा रक्षा अभियान के तहत देश के दक्षिणी क्षेत्रों में तेजी से और शक्तिशाली तरीके से आगे बढ़ा रही है। कई दर्जन शहरों को आजाद करा दिया गया है। ये शहर खेरसान, खारकीव, लुहांस्क और डोनेत्स्क में हैं।

**निराश हो चुकी है रूसी सेना:** यूक्रेनी सेना ने एक बयान में दावा किया कि खेरसॉन से रूसी सैनिक निराश होकर जा रहे हैं। वह इतने निराश हो चुके हैं कि अपने हथियारों के डिपो को तबाह करते जा रहे हैं। इसके साथ ही वह रास्ते में आने वाले हर पुल को तोड़ रहे हैं।

यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये सब कुछ उनकी सेना की रफ्तार को कम करने के लिए है, क्योंकि वह तेजी से आगे बढ़ रही है। रूस के पास दुनिया के सबसे ज्यादा न्यूक्लियर हथियार हैं। न्यूक्लियर बम का होना ही इस युद्ध में रूस के लिए सबसे बड़ा फायदा है। विशेषज्ञों की चिंता है कि हार से बौखला कर कहीं पुतिन न्यूक्लियर हथियार का इस्तेमाल न करें। ऐसा इसलिए क्योंकि रूस लगातार इसे पश्चिम के साथ एक अस्तित्व की लड़ाई बताता रहा है। पुतिन हाल के दिनों में कई बार इससे जुड़ी धमकी दे चुके हैं। कुछ दिनों पहले ही पुतिन ने कहा था कि न्यूक्लियर की धमकी देने वालों को याद रखना चाहिए कि हवा का बहाव उनकी ओर भी हो सकता है।

**झांसा दे रहे पुतिनः** यूक्रेन के लगभग 18 फीसदी हिस्से पर अब रूस ने दावा कर दिया है। इसके बाद अब रूस इन क्षेत्रों पर किसी भी तरह का हमला करेगा तो वह उस देश के अंदर ही बताएगा। लेकिन परमाणु हमला न करने के भी कारण है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि इन इलाकों में कई रूसी लोग भी रहते हैं।

## रूस–यूक्रेन की जंग में फंसा पाकिस्तान, बढ़ेंगी मुश्किलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रुसेल्स। पाकिस्तान एक और विवाद में उलझा हुआ है। इस्लामाबाद को रूस–यूक्रेन युद्ध में कीव को हथियारों और गोला–बारूद की आपूर्ति करते हुए पाया गया है, जिसके बाद एक बार फिर से पाकिस्तान के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। रिपोर्टों के अनुसार पाकिस्तान रूस–यूक्रेन संघर्ष में निष्पक्ष नहीं है और यूक्रेन के अंतिम उपयोग के लिए पाकिस्तान में बने हथियारों और गोला–बारूद की आपूर्ति में शामिल है।

यूरोप स्थित प्रकाशन जियो–पॉलिटिक की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद स्पष्ट रूप से इन रक्षा बिक्री को यूक्रेन में भेजने के लिए तीसरे देश–आधारित रक्षा आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों का उपयोग कर रहा है।

विश्वसनीय इनपुट बताते हैं कि इस्लामाबाद स्थित हथियार आपूर्तिकर्ता मेसर्स डीएमआई एसोसिएट्स बुल्गारिया स्थित फर्म मेसर्स डिफेंस इंडस्ट्री ग्रुप के संपर्क में है ताकि यूक्रेनी सरकार को निर्मित रक्षा स्टोर की आपूर्ति की सुविधा मिल सके। मेसर्स केस्ट्रल यूक्रेन से सटे देशों, पोलैंड, रोमानिया और स्लोवाकिया में अपनी गतिविधियों को फैलाने के लिए संघर्ष का उपयोग कर सकता है, क्योंकि केस्ट्रल के सीईओ लियाकत अली बेग ने इस साल मई और जून में इन देशों का दौरा किया था।



**अमेरिका ने उतारा महाविनाशक एयरक्राफ्ट कैरियर जेराल्ड फोर्ड**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका नौसेना के कई अधिकारी चीन की ताकतवर होती नेवी को लेकर चेतावनी दे चुके हैं। चीन को टक्कर देने के लिए अब अमेरिका ने अपने अब तक के सबसे उन्नत एयरक्राफ्ट कैरियर को समुद्र में उतार दिया है। इस एयक्राफ्ट कैरियर का नाम USS जेराल्ड फोर्ड है। अमेरिका के तटीय राज्य वर्जीनिया के नॉरफॉक से ये अपनी पहली तैनाती के लिए रवाना हुआ। अमेरिका नौसेना के मुताबिक USS जेराल्ड फोर्ड 40 वर्षों से अधिक समय में डिजाइन किया गया पहला नया एयरक्राफ्ट कैरियर है।

## अब कंधे पर सबसे खतरनाक हथियार को टांगकर चलेंगे इजरायली सैनिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**रक्षा मंत्रालय और राफेल कंपनी ने मिलकर किया तैयार**

तेल अवीव। इजरायल के रक्षा मंत्रालय की तरफ से राफेल कंपनी को एक खतरनाक हथियार का आदेश दिया गया है। इस हथियार को ऐसे डिजाइन किया गया है कि बिना आहट के दुश्मन को बस कुछ ही सेकेंड्स में ढेर किया जा सकेगा। इसे वाइपर सिस्टम नाम दिया गया है और यह हथियार एकदम सटीक हमला करता है। मोबाइल पोजीशन के अलावा यह सिस्टम स्थिर पोजीशन में भी दुश्मन पर हमला करता है। इस सिस्टम को सैनिक अपने कंधे पर भी टांग सकते हैं। इसे स्पाइक फायरफ्लाई नाम भी दिया गया है। स्पाइक फायरफ्लाइट को इजरायल के रक्षा मंत्रालय और राफेल कंपनी ने मिलकर तैयार किया है। राफेल का कहना है कि इस सिस्टम को खासतौर पर शहरी इलाकों के लिए तैयार किया गया है जहां पर लोगों को हालातों के बारे में ज्यादा मालूम नहीं होता है। सिस्टम इस तरह से बना है कि दुश्मन को कवर करके उसे निशाना बनाया जा सकता है। राफेल के एग्जिक्यूटिव वाइस प्रेसीडेंट डॉक्टर रान गोजाइली ने कहा कि इसे बनाकर कंपनी काफी गौरवान्वित महसूस कर रही है। जल्द ही इजरायल डिफेंस फोर्सेज को यह सिस्टम मिलेगा। इस सिस्टम के आने बाद शहरी इलाकों में भी आसानी से किसी आतंकी और आतंकी अड्डों को ढेर किया जा सकेगा। गोजाइली के मुताबिक युद्ध में यह सिस्टम इजरायल के सैनिकों को रणनीतिक तौर से फायदा पहुंचाएगा। इसे आसानी से और तेजी से तैनात किया जा सकेगा। इसका वजन सिर्फ तीन किलोग्राम है और आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है।

सिंगल यूजर ऑपरेशन के साथ इसे तैयार किया गया है जिससे यह किसी भी सैनिक की किट सा नजर आता है। फायर फ्लाई को एक टैबलेट से कंट्रोल किया जाता है।

### अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने 4 मिसाइल दाग कर दिखाई ताकत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया ने आक्रामक रुख अपनाते हुए जापान के ऊपर से बैलेस्टिक मिसाइल दागी। 2017 के बाद से यह पहली बार था जब उत्तर कोरिया ने ऐसा कुछ किया। उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन को करारा जवाब देने के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने एक के बाद एक कई मिसाइल दागी हैं। विशेषज्ञ मान कर चल रहे हैं कि उत्तर कोरिया ने इंटरमीडिएट रेंज की बैलेस्टिक मिसाइल फायर की थी। प्रशांत महासागर में गिरने से पहले इस मिसाइल 4,600 किमी की दूरी तय की थी, जो उत्तर कोरिया के किसी भी परीक्षण के लिए सबसे लंबी उड़ान थी। उत्तर कोरिया का मिसाइल फायर होते ही जापान के पूर्वोत्तर क्षेत्र में सायरन बजने लगे, जिसके बाद लोगों ने तुरंत बिल्डिंगों और अंडरग्राउंड में शरण ले लिया। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने इस मिसाइल को फायर किए जाने की निंदा की है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने भी इस टेस्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया की चेतावनी दी।

## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# ओवरलोड होने के साथ ही ओवर स्पीड भी थी बस

**दुखद**

## पल भर में मातम में बदली शादी की खुशियां, हादसे के तीन बड़े कारण

**संवाददाता**

देहरादून। पौड़ी में बरात लेकर जा रही बस सिमडी गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया गया कि उक्त बस में 45 बराती सवार थे। जिसमें से 25 लोगों की मौत हो गई है। बुधवार दोपहर तक 20 लोगों को खाई से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिनमें से दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हुई। वहीं गंभीर घायलों में हेली सेवा के जरिए एम्स ऋषिकेश पहुंचाया गया।

जिलाधिकारी पौड़ी ने हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। जांच करने वाले टीम को 15 दिन के अंदर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए गए हैं। वहीं अब तक इस घटना का कारण बस की कमानि टूटना बताया जा रहा था, लेकिन अब प्रथम दृष्टया हादसे के तीन बड़े कारण सामने आ रहे हैं। माना जा रहा है कि इन्हीं वजहों से 45 लोगों की जान पर बन आई।




हादसे का पहला कारण बस का अनफिट होना बताया जा रहा है, क्योंकि 26 अक्टूबर को बस का फिटनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर होने वाला था। तो इसे भी हादसे का एक कारण मानकर देखा जा रहा है। हादसे का दूसरा और सबसे बड़ा कारण बस का ओवरलोड होना बताया जा रहा है। बस 28 सीटर थी और बस में करीब 45 लगभग दोगुने लोग सवार थे। ऐसे में माना जा रहा है कि यह हादसे का मुख्य कारण हो सकता है।

ओवरलोड होने के साथ ही बस ओवर स्पीड भी थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहाड़ी इलाका होने के बाद भी ड्राइवर बस तेज गति से चला रहा था। जिससे बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हालांकि पुलिस प्रशासन की टीम अभी भी हादसे के कारणों को पुष्टि करने में जुटी हुई है।

हंसी खुशी बराती हरिद्वार से पौड़ी दुल्हन लेने जा रहे थे। लेकिन उससे पहले ही बरात की बस हादसे की शिकार हो गई और चीख पुकार मच गई। मंगलवार देर शाम जैसे ही घर पर इस हादसे की सूचना मिली तो जश्न की जगह मातम पसर गया। हादसे में 25 लोगों की मौत की आशंका है और 20 घायलों को खाई से निकालकर अस्पतालों में पहुंचाया गया है।

वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सभी अपनों की कुशलता जानने के लिए मोबाइल पर फोन करने लगे। वहीं दूसरी ओर घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। सुदूरवर्ती इलाका होने के कारण राहत बचाव कार्य में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लेकिन इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने साहस का परिचय दिया और खाई में उतर का राहत बचाव कार्य शुरू किया।

## न्यूज डायरी

### ट्रांसपोर्टर्स ने सीपीयू पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**संवाददाता** हल्द्वानी। कुमाऊं ट्रांसपोर्ट यूनियन संयुक्त मोर्चा और देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की अगुवाई में ट्रांसपोर्टर्स ने बुधवार को टीपी नगर में बैठक की। इस दौरान पुलिस और सीपीयू पर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया। बैठक में हल्द्वानी ट्रैफिक इंचार्ज राकेश मेहरा भी मौजूद रहेद्य कुमाऊं ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष राजकुमार सिंह नेगी व ट्रांसपोर्टर नेता पंडित दया किशन शर्मा ने उन्हें बताया कि जगह–जगह वाहन स्वामियों के सीपीयू और पुलिस चालान कर रही हैद्यबढ़ते डीजल पेट्रोल के दामों, टोल प्लाजा और बढ़ती महंगाई से ट्रांसपोर्टर पहले से ही परेशान हैं। कुमाऊं मंडल प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा ने चेताया कि यदि पुलिस प्रशासन का यही रवैया रहा तो ट्रांसपोर्ट अपनी गाड़ी खड़ी करने को मजबूर हो जाएंगे।

### जिला उद्योग केंद्र के सीएओ की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**संवाददाता** रुद्रपुर। जिला उद्योग केंद्र में कार्यरत मुख्य प्रशासनिक अधिकारी की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। बुधवार को कमरे में उनका शव मिला, जिससे हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पड़ताल के दौरान कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें मौत के जिम्मेदार विभाग को ठहराया गया है। इधर घटना के बाद आसपास के लोग एवं कर्मचारी जिला अस्पताल एवं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। मूल रूप से पिथौरागढ़ मुनस्यारी निवासी प्रवीण सिंह पंचपाल का मार्च माह में प्रमोशन हुआ था, जिसके बाद ऊधम सिंह नगर जिला उद्योग केंद्र में बतौर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कार्यरत थे और कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सरकारी आवास में अपने दो बच्चों व पत्नी संग रहते थे।

### लिबास ने किया बैम्बू बेस्ड ऑर्गेनिक इनरवियर ब्रांड केएनजी लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। एनएसई में लिस्टेड लिबास कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड कई प्रमुख विविधताओं के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसके तहत उसने केएनजी ब्रांड ऑर्गेनिक इनरवियर लॉन्च किया है, जो कि बांस के फाइबर से बने हुए हैं, ऐसा माना जा रहा है कि सस्टेनबल और एलर्जी नहीं करने वाला होने के कारण यह रेगुलर इनरवियर की जगह ले सकते हैं। केएनजी ब्रांड को उसकी वेबसाइट से एक्सक्लूसिव तौर पर रिटेल किया जाएगा और ऑर्गेनिक इनरवियर के कुछ प्रोडक्ट को ऑनलाइन मल्टी–चौनल जैसे केएनजी लिमिटेड, अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, मिंत्रा, स्नैपडील, मीशो, पेटीएम मॉल, नायका फैशन, शॉपक्लूज, आदि के जरिए भी रिटेल किया जाएगा।

# अल्मोड़ा में किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी हल्द्वानी से गिरफ्तार

**संवाददाता** अल्मोड़ा। डांडाकांडा स्कूल में छेड़छाड़ के आरोपित दिल्ली सरकार में प्रशासनिक अधिकारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को हल्द्वानी से गिरफ्तार किया है और पूछताछ के लिए उसे लेकर रानीखेत पहुंची है, जहां उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

**संगठनों ने काटा हंगामाः** हवालबाग ब्लाक के डांडा कांडा क्षेत्र में किशोरी के यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली सचिवालय में तैनात संयुक्त सचिव एडीएम एवी प्रेमनाथ को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। इधर कड़ी सजा की मांग को लेकर विभिन्न संगठनों के लोगों ने कोतवाली में हंगामा काटा। पुलिस से तीखी तकरार भी हुई। इस बीच कड़ी सुरक्षा में आरोपित एडीएम को न्यायालय में प्रेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। इधर कप्तान प्रदीप राय ने कोतवाल नासिर हुसैन को जांच सौंप दी है।

**पूछताछ के बाद जेल भेजाः** बुधवार को हल्द्वानी से एवी प्रेमनाथ की गिरफ्तारी की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा के आदेश पर जांच एसएचओ रानीखेत नासिर हुसैन को सौंपी गई है। रानीखेत कोतवाली में पूछताछ के बाद आरोपित को रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया गया। अल्मोड़ा के एसएसपी प्रदीप कुमार राय का कहना है कि राजस्व पुलिस से मुकदमा हस्तांतरित होने के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है, उसे कोर्ट में पेशकर जेल भी भेज दिया गया है।



### स्वास्थ्य परीक्षण पर सात दिवसीय शिविर का आयोजन

**संवाददाता** पुरोला। स्वास्थ्य फाउंडेशन एवं हिमालय हेल्थ इनीशिएटिव लंदन के सहयोग से सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। मोरी स्वास्थ्य फाउंडेशन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरसाड़ी में निशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिविर मे क्षेत्र के काफी लोग स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आ रहे है अब तक 127 सामान्य रोगियों की स्वास्थ्य जांच की गयी व निशुल्क दवाइयां वितरण की गई व 156 नेत्र जांच की गई जिनको निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। जिसमें से 22 को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया जिनका निशुल्क आपरेशन करवाया जायेगा। यह समस्त कार्यक्रम मोरी स्वास्थ्य फाउंडेशन एवं हिमालय हेल्थ इनीशिएटिव लंदन के सहयोग से किया जा रहा है

# बाबा केदारनाथ 27 अक्टूबर तो बदरीनाथ 19 नवंबर को होंगे बंद

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ के कपाट शीतकाल के लिए 27 अक्टूबर को भैयादूज पर्व पर बंद होंगे। 11वें ज्योतिर्लिंग भगवान केदारनाथ के कपाट बंद होने की तिथि बुधवार को विजयदशमी पर्व पर शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर में पंचांग गणना के अनुसार घोषित कर दी गई है। शीतकाल में ओंकारेश्वर मंदिर में बाबा केदार की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली के दर्शन होंगे। वहीं, 19 नवंबर दोपहर तीन बजकर 35 मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होंगे। विजयदशमी पर बदरीनाथ धाम में रावल की मौजूदगी में धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल ने मूर्हत निकाला।

**चारधाम की बंद होने की तिथि घोषित**

जबकि, गंगोत्री धाम के कपाट 26 अक्टूबर को 12:01 मिनट पर अन्नकूट के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाएंगे। भैया दूज के अवसर रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ और उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धामी के कपाट बंद किए दिए जाएंगे।

**सुबह आठ बजे तुला लगन में होंगे कपाट बंदः** इस बार भगवान केदारनाथ के कपाट आगामी 27 अक्टूबर को भैयादूज पर्व पर तुला लगन में सुबह आठ बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

**29 अक्टूबर को ओंकारेश्वर मंदिर पहुंचेगी उत्सव डोलीः** कपाट बंद होने के बाद केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली धाम से रवाना होगी तथा प्रथम रात्रि प्रवास के लिए रामपुर पहुंचेगी तथा 29 अक्टूबर को शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर में विराजमान होगी।

**मदमहेश्वर के कपाट बंद होने की तिथि भी घोषितः** वहीं दूसरी ओर, द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर के कपाट बंद होने की तिथि भी विजयदशमी पर्व पर शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में पंचांग गणना के अनुसार घोषित कर दी गयी है। इस बार मदमहेश्वर धाम के कपाट आगामी 18 नवंबर को प्राप्त आठ बजे वृश्चिक लगन में शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे। भगवान मदमहेश्वर के कपाट बंद होने के बाद भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली धाम से रवाना होगी।

### देवताओं की वेशभूषा में सजे स्कूली बच्चे रहे आकर्षण का केन्द्र

**संवाददाता** नैनीताल। नैनीताल की सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से आयोजित दुर्गा महोत्सव में दशहरा के दिन शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा के नगर भ्रमण के दौरान शहर मां दुर्गा के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। भारी संख्या में लोगों ने शोभायात्रा में शिरकत की। महिलाओं और स्कूली बच्चे भजन और ढोल की थाप पर जमकर थिरकते दिखे। इस दौरान देवताओं की वेशभूषा में सजे स्कूली बच्चे मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। पूरे नगर में भ्रमण के बाद देर शाम मां दुर्गा की मूर्तियों को पाषाण देवी मंदिर के समीप विसर्जन कर दिया जाएगा। बुधवार को मां नयना देवी मंदिर में सर्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी पदाधिकारियों की ओर से पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा की तैयारियां शुरू की गई। पूजा अर्चना के बाद दोपहर एक बजे मां नैना देवी मंदिर से मां दुर्गा की मूर्तियों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में पहुंचे भक्तों ने मां दुर्गा के जमकर जय कारे लगाए। शोभायात्रा मस्जिद तिराहा, बड़ा बाजार, जय लाल साह बाजार से माल रोड होते हुए तल्लीताल बाजार क्षेत्र तक पहुचेगी।

*तरक्की करने के लिए आपमें असंतोष होना बहुत जरूरी है।–अज्ञात।*



विचार-प्रवाह

देहरादून, बृहस्पतिवार, 6 अक्टूबर 2022

पेज थ्री

www.page3news.in

# सही साबित हो रही भारत की नीति

**भारत ने पूरी दृढ़ता और समझदारी के साथ अपनी नीति पर चलना जारी रखा। युद्ध का विरोध और अंतरराष्ट्रीय शांति की हिमायत करते हुए भी भारत ने अपने पुराने मित्र रूस की निंदा करने की पश्चिमी देशों की जिद स्वीकार नहीं की।**

जीवन सिंह।।

आखिर यूक्रेन पर भारत की नीति उपयुक्त परिणामों की कसौटी पर सही साबित होने लगी है। युद्ध शुरू होते ही भारत पर इस बात का दबाव पड़ना शुरू हो गया था कि वह रूस के खिलाफ खुलकर स्टैंड ले। हालांकि पारंपरिक तौर पर गुटनिरपेक्ष आंदोलन के नेता के रूप में भारत ने शीत युद्ध के दौरान भी दोनों महाशक्तियों से समुचित दूरी बनाए रखी थी। लेकिन पिछले तीन दशकों में दुनिया के वे सारे समीकरण बदल चुके थे। जहां भारत और अमेरिका काफी करीब आ चुके हैं, वहीं रूस भी सोवियत संघ वाली हैसियत से काफी दूर आ चुका है। जाहिर है, बदले हालात में दुविधा भी बड़ी थी। अमेरिका और पश्चिमी देशों की अपनी अपेक्षाएं थीं, उन अपेक्षाओं का दबाव भी था, लेकिन भारत के सामने चुनौती थी अपने राष्ट्रीय हितों पर आधारित स्वतंत्र विदेश नीति को जारी रखने की।

भारत ने पूरी दृढ़ता और समझदारी के साथ अपनी नीति पर चलना जारी रखा। युद्ध का विरोध और अंतरराष्ट्रीय शांति की हिमायत करते हुए भी भारत ने अपने पुराने मित्र रूस की निंदा करने की पश्चिमी देशों की जिद स्वीकार नहीं की। यही नहीं, रूस पर लगाए जाने वाले प्रतिबंधों की अनदेखी करते हुए उसने न केवल पहले हो चुके हथियार सौदों पर बेहिचक अमल किया बल्कि उससे सस्ता तेल आयात करने के अपने अधिकार पर भी कोई आंच नहीं आने दी। यह एक ऐसा मसला था जिस पर अमेरिका और पश्चिमी देशों ने पहले इशारों में और फिर खुलकर नाखुशी जताई, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ–साफ कह दिया कि रूस से सस्ता तेल लेना भारत के हित में है और वह अपने राष्ट्रीय हितों से कोई समझौता नहीं करेगा।



नतीजा यह कि इस अवधि में रूस से तेल का आयात लगातार बढ़ता रहा और भारत रूसी तेल का चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया। युद्ध से पहले तक देश की कुल तेल खरीदारी में रूसी तेल का हिस्सा मात्र एक फीसदी हुआ करता था, वह अब बढ़कर 12 फीसदी तक पहुंच चुका है। इस सस्ते तेल की खरीदारी से भारत को अब तक 35000 करोड़ रुपये की बचत हुई है।

हालांकि यह सही है कि तेल सरकार नहीं खरीदती, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की रिफाइनरी कंपनियां खरीदती हैं। लेकिन फिर भी सस्ता तेल आना अर्थव्यवस्था के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है। यह जहां कीमतों को कम रखता है वहीं देश का आयात बिल और डॉलर की मांग पर अंकुश रखते हुए करंट अकाउंट डेफिसिट को भी नियंत्रित रखने में मदद करता है।

## सच्ची भक्ति




**अशोक वोहरा।** राजा ने अपने जीवन काल में ऐसे कई दृश्य देखे थे जिस वजह से राजा के लिये इन तर्क रहित बातो पर ये विश्वास कर पाना मुश्किल था की मातृ भक्ति से मोक्ष प्राप्ति हो सकती है। राजा इसी सोच की उधेड़ बुन में लगा रहता की मैंने कई परम् भक्त देखे उनकी आत्माए आज तक धरती पर क्यों भटक रही,असल में सच्ची भक्ति का सही अर्थ क्या है? एक बहुत बड़े संत दुनिया भर का भर्मण करते हुए वैशाली नगर पहुंचे. राजा तक जब यह बात पहुंची की। एक संत जो की बहुत बड़े ज्ञानी महात्मा परुष है वेदों का अच्छा ज्ञान है उनका वैशाली नगर मे आगमन हुआ है। राजा तुरंत संत को अपने महल मे लाया, खूब सेवा की। संत ने राजा से पूछा की किसी बात को लेकर चिंतित जान पड़ते हो राजन, यदि कोई सवाल है मन मे तो पूछ लो।

## संपादकीय

### सरकारी संरक्षण


रामनगर नैनीताल के बाद मेरा स्थानांतरण बाराबंकी हो गया। मुझे हैदरगढ़ का उप–जिलाधिकारी बनाया गया। मैंने तहसीलदार के अर्दली को हटा दिया। तहसील में लंबित सभी मुकदमों की पत्रावलियों की जानकारी अर्दली को थी। अर्दली की सांठगांठ वहां के कुछ दलालों के साथ थी। उनमें कुछ अधिवक्ता भी शामिल थे। अर्दली के खिलाफ भ्रष्टाचार की भी काफी शिकायतें थीं। अर्दली ने अधिवक्ताओं को मेरे खिलाफ हड़ताल के लिए खड़ा कर दिया। सभी अधिवक्ता आयुक्त फैजाबाद से मिले। आयुक्त ने मुझे हटाने को कह दिया। इस बीच मैंने लघु सिंचाई विभाग में एक घोटाले में एमडी सहित कई अन्य के खिलाफ एफआईआर करा दी। इसको लेकर सभी बीडीओ मुझे हटाने के लिए जिलाधिकारी से मिले। मुझे हैदरगढ़ से हटाकर मुख्यालय में सजा के तौर पर संबद्ध कर दिया गया। मैंने महसूस किया कि मुझे जिलाधिकारी को बताकर एफआईआर करानी चाहिए थी लेकिन मैं यह भी जानता था कि अगर जिलाधिकारी को बताता तो एफआईआर कराने की अनुमति नहीं मिलती। मेरे अच्छे कार्य की वजह से मेरे खिलाफ दलाल खड़े हो गए थे और वे अपने मकसद में कामयाब भी रहे। मेरा तबादला बरेली कर दिया गया। वहां मुझे उप–जिलाधिकारी बहेड़ी बनाया गया। वहां प्राइवेट चीनी मिल घटतौली करता था। चीनी मिल वाले बरेली मंडल के आयुक्त के काफी नजदीकी थे क्योंकि वह बरेली के जिलाधिकारी भी रह चुके थे। मैंने स्वयं औचक निरीक्षण किया और घटतौली पकड़ी। एफआईआर भी कराई। यह बात चीनी मिल से ज्यादा आयुक्त को बुरी लगी। इस कार्यवाही के बाद मेरा स्थानांतरण जिले से बाहर कर दिया गया। लेकिन जनप्रतिनिधियों ने प्रयास किया और मेरा तबादला रुक गया। मैंने काम जारी रखा। रामलीला की कीमती जमीन अनियमित रूप से एक व्यक्ति के नाम अंकित थी, इसे भी खारिज करा दिया था। सभी विरोधी शक्तियों ने एक होकर पुनः मेरा ट्रांसफर करा दिया।

यह सूचना आसपास के शहरों और जिलों में फैल गई। सभी ने ताजिया आगे बढ़ाने देने से इंकार कर दिया। चारों तरफ अशांति का माहौल बनने लगा। महसूस होने लगा कि बहुत बुरा होने वाला है।

# कमिश्नर ने गलत करवाना चाहा

हीरा लाल।।

2003 से 2006 के बीच मेरी तैनाती संभल में थी। संभल में बहुत ऊंची–ऊंची ताजिया बनती हैं। मोहर्रम यहां का सबसे संवेदनशील त्योहार है। स्थानीय मंत्री और थानाध्यक्ष की आपसी सांठगांठ से लंबा ताजिया बना जो रास्ते में पीपल के पेड़ की टहनी के कारण रुक गया। मुस्लिम पक्ष ताजिया को खंडित करके निकालने को तैयार नहीं था तो हिंदू पक्ष पीपल की टहनी को काटने देने के लिए राजी नहीं हो रहा था। रात 11 बजे मुझे सूचना मिली। मैं सीओ के साथ मौके पर गया। दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश शुरू की लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं हो रहा था। कई बार एक पक्ष के कुछ लोग पीपल पर चढ़कर टहनी काटने लग जाते। बड़ी मुश्किल से उन्हें उतारा जाता। यह सूचना आसपास के शहरों और जिलों में फैल गई। सभी ने ताजिया आगे बढ़ाने देने से इंकार कर दिया। चारों तरफ अशांति का माहौल बनने लगा। महसूस होने लगा कि बहुत बुरा होने वाला है। इस प्रकरण की वजह से कई जिलों में शांति–व्यवस्था बिगड़ सकती थी। सुबह तीन बजे तक इस पूरे घटनाक्रम की राजनीति समझ में आ गई कि इसके पीछे क्या खेल चल रहा है। तीन बजे स्थानीय मंत्री को जगाया। अगले दो घंटे में वार्ता के दौर शुरू हुए। ताजिया को पहले दो खंड करके पीपल के पेड़ के नीचे से निकालने को भीड़ को राजी कर लिया गया। फिर उसे जोड़कर आगे के लिए बढ़ा दिया गया। पीपल के पेड़ की टहनी काटने की जरूरत नहीं पड़ी। दरअसल, डीएम–एसएसपी से नाराज चल रहे स्थानीय नेताओं का दबाव बनाने का यह पूरा खेल था। पहले शांति–व्यवस्था की समस्या पैदा कर दो। फिर अनुरोध पर उसे हल करा कर अहसान लाद दो। यह नए तरीके का अनुभव था।



तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने नैनीताल से अलग उधमसिंह नगर जिला बना दिया। मुझे रामनगर उप–तहसील का कार्यकारी मजिस्ट्रेटउप–जिलाधिकारी बनाया गया। पहले यह काशीपुर तहसील की उप–तहसील था। काशीपुर उधमसिंह नगर में चला गया। इसे परगना के रूप में विकसित करने की चुनौती थी। किसान मंडी के किसान भवन में आवास बनाया। मंडी के किसान सभागार में उप–जिलाधिकारी कोर्टध्कार्यालय बनाया। जिम कॉर्बेट के कारण वीआईपी के भ्रमण की वजह से संवेदनशीलता हमेशा बनी रहती थी। एक जमीन को लेकर कुमाऊं आयुक्त ने मुहर सहित अपने नैनीताल स्थित आवास पर बुलाया। कहा कि ओएसडी के पास जमीन संबंधी कागज हैं। हस्ताक्षर कर दो। एक टाइपशुदा प्रमाण–पत्र था। इसमें एक बड़े भूखंड का मालिक, बॉम्बे के एक नामी–गिरामी फिल्म एक्टर को प्रमाणित करना था। मैं तथ्यों का पता लगाने का बहाना बनाकर चला आया। हस्ताक्षर नहीं किए। हिम्मत से काम लिया। अन्यथा बहुत बड़े संकट में पड़ जाता। बाद में इस आयुक्त ने घुमाकर मुझे सजा दी। नगर पालिका परिषद रामनगर भंग थी तो मैं प्रशासक भी था। मैंने अवैध रूप से नगर पालिका के एक गोदाम पर काबिज व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई कर दी। यह बड़ा खुराफाती और छोटा पत्रकार था। कोई डर की वजह से उस पर कार्रवाई नहीं करता था। मैंने कर दी थी। नतीजा यह हुआ कि सभी ने मिलकर सांसद नारायण दत्त तिवारी के जरिए मेरा तबादला पिथौरागढ़ करा दिया। मैं लखनऊ आकर तत्कालीन मुख्य सचिव माता प्रसाद से मिला। जब मैंने उन्हें पूरे तथ्यों से अवगत कराया तो उन्होंने तबादला रोक दिया। इस बीच जिलाधिकारी बदल गए थे।

## अष्टयोग-5025

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 1 | 5 | | 7 | 4 |
| | 29 | 4 | 29 | 6 | 29 | |
| 7 | | 2 | | | 1 | |
| | 31 | | 38 | | 30 | 2 |
| 1 | 5 | | 7 | 4 | | 6 |
| | 32 | 5 | 36 | | 34 | 7 |
| | | 7 | | 1 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5024 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 1 | 27 | 7 | 33 | 5 | 38 | 3 |
| 3 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 27 | 6 | 35 | 3 | 38 | 2 |
| 2 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 27 | 5 | 35 | 2 | 27 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### दलितों से ऐतिहासिक ठगी है बहुजन आंदोलन

**मोहन।** जालौर में कथित तौर पर मटके से पानी पीने के कारण हुई इंद्र कुमार मेघवाल की हत्या की खबर मीडिया में खूब रही। मगर करोड़ों दलित बच्चों का वजीफा नहीं बढ़ा। लाखों की स्कॉलरशिप का गबन होता रहता है। करोड़ों के प्लान के पैसे का दुरुपयोग होता रहता है। सरकार में लाखों पद खाली हैं। दलितों के मुद्दे तो ये भी हैं। मगर मीडिया उत्पीड़न होने पर ही क्यों सक्रिय होता है? जालौर की घटना को मीडिया ने इतनी जगह दी कि लाखों लोग बिना संगठित हुए ही पहुंच गए। यक्ष प्रश्न है कि दलित सक्रियता भी इसी समय क्यों दिखती है? दलित कभी एक जज बनाने या कुलपति बनाने के लिए क्यों नहीं इकट्ठा होते? एक जज की कलम से पूरा आरक्षण प्रभावित हो जाता है। एक विश्वविद्यालय के कुलपति से कितने प्राध्यापक भर्ती किए जा सकते हैं और छात्रों का तो भला होगा ही। यूपीएससी सदस्य या चेयरमैन के लिए भी कभी दलित सक्रियता नहीं दिखती, जिससे करोड़ों का जीवन प्रभावित होता है। दलितों–आदिवासियों को प्रायरू वैसे ही मंत्रालय दिए जाते हैं जो ज्यादा कुछ कर नहीं सकते।






## वकांडा फॉरएवर का ट्रेलर देख इमोशनल हुए ब्लैक पैंथर के फैंस

मार्वल स्टूडियो की फिल्म 'ब्लैक पैंथररू वकांडा फॉरएवर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह ट्रेलर मार्वल यूनिवर्स के फैंस के लिए खास है। ऐसा इसलिए कि चेडविक बोसमेन के निधन के बाद से ही इस फ्रेंचाइजी फिल्म को लेकर फैंस इमोशनल हैं। ऐसे में जब ट्रेलर आया तो सोशल मीडिया पर जहां एक सुपरहीरो फिल्म को एक्साइटमेंट बढ़ गई है, वहीं दुनियाभर से मार्वल के फैंस ट्रेलर देख इमोशनल भी हुए जा रहे हैं। बहरहाल, 2 मिनट और 10 सेकेंड के ट्रेलर में फिल्म की कहानी की भी झलक देखने को मिल गई है। मामला ब्लैक पैंथर की मौत के बाद वकांडा की राजनीतिक हलचल से जुड़ा हुआ है। साल 2018 में मार्वल स्टूडियो ने ब्लैक पैंथर पर पहली फिल्म रिलीज की थी। इस फिल्म में चेडविक बोसमेन ने लीड रोल प्ले किया था। इसके बाद वह एवेंजर्स फ्रेंचाइजी में भी नजर आए। हालांकि, साल 2020 में चेडविक की कैंसर के कारण मौत हो गई। साल 2016 में ही उन्हें कैंसर पीड़ित होने की जानकारी मिली थी। इसमें कोई दोराय नहीं है कि चेडविक बोसमेन ने ब्लैक पैंथर के किरदार से दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई थी। यही कारण है कि उनके निधन के बाद मार्वल यूनिवर्स के फैंस के बीच दुख की शांति फैल गई।

## खान परिवार की बहू बनना चाहती थीं पूजा भट्ट

पूजा भट्ट और सलमान खान ने लगभग एक साथ अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। पूजा भट्ट ने 1989 में बॉलीवुड में एक्टिंग डेब्यू किया था और सलमान ने 1988 में एंट्री की थी। सलमान और पूजा भट्ट ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दीं, लेकिन साथ में कभी काम नहीं किया। क्या आप जानते हैं क्यों? पूजा भट्ट के आज भले ही सलमान खान और उनके परिवार के साथ अच्छे रिश्ते हों, लेकिन कभी पूजा भट्ट, सलमान से नफरत करती थीं। इसकी एक वजह सोहेल खान से भी जुड़ी हुई है, जिन्हें पूजा भट्ट कभी डेट करती थीं। पूजा भट्ट का 90 के दशक में खूब जलवा था। जिस तरह वह अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में रहती थीं, उसी तरह की निजी जिंदगी भी सुर्खियों में रहती। रणवीर शौरी से लेकर सोहेल खान तक के साथ पूजा भट्ट के अफेयर के खूब चर्चे थे। पूजा भट्ट ने कई साल पहले एक इंटरव्यू में बताया भी था कि वह और सोहेल खान शादी करने वाले थे और साथ में फ्यूचर प्लान कर रहे थे।

## यूजर्स शेयर कर रहे सिद्धार्थ शुक्ला वाली तस्वीर



बिग बॉस 16 में नजर आ रहे 16 कंटेस्टेंट्स में से एक अब्दू रोजिक भी हैं। अब्दू बिग बॉस के घर में पहले दिन से ही हर जगह छाए हुए हैं। कंटेस्टेंट्स के साथ मस्ती हो या फिर अपने अंदाज से दर्शकों का दिल जीतना, 19 साल के अब्दू अपना कमाल खूब दिखा रहे हैं। बिग बॉस 16ः का नया प्रोमो वीडियो वायरल हुआ है जिसमें अब्दू अपने स्विमिंग से सबका दिल जीत रहे हैं। तजाकिस्तान के रहने वाले अब्दू रोजिक लगातार पहले दिन से ही ट्विटर पर छाए हुए हैं। बिग बॉस 16 के इस प्रोमो वीडियो में अब्दू स्विमिंग करते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि अब्दू की स्वमिंग स्किल सबको इंटरेस्टिंग लगी, देखना न भूलिए उन्हें इस शाम को। इस वीडियो में प्रियंका उनके साथ पूल में मस्ती करती दिख रही हैं। अब्दू बता रहे हैं कि उन्हें स्विमिंग करना काफी पसंद है। हालांकि, ट्विटर पर अब्दू का वीडियो हर तरफ छाया हुआ है। कुछ फैन्स ने तो ये तक कह दिया है कि काश सिद्धार्थ शुक्ला और अब्दू सेम सीजन में नजर आते। अब्दू का क्यूट अंदाज दर्शकों के दिलों को जीत रहा है। बता दें कि अब्दू रोजिक तजाकिस्तान में अपनी सिंगिंग को लेकर बेहद मशहूर हैं। अक्सर घरवालों के बीच कभी गाने से तो कभी डांस कर वह सबका मनोरंजन करते नजर आते हैं।

# अब ओटीटी पर भौकाल मचा रही हिरोइनें

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*ओटीटी बड़ी तेजी से एक ऐसी एंटरटेनमेंट की दुनिया में तब्दील हो चुका है, जहां हर तरह के मनोरंजन के लिए भरपूर चीजें हैं। ओटीटी पर रोज नए शोज, वेब सीरीज और फिल्मों का एक ऐसा जाल बुना जाता है जिसमें से आप चाहकर भी सारी चीजें एकसाथ नहीं देख सकते। फिल्मों और टीवी शोज में पहले एक्ट्रेसेस को केवल रोमांस और डांस–गाने के लिए फिलर के तौर पर दिखाया जाता था या फिर दर्शकों को इमोशनल करने के लिए उन्हें अबला नारी के तौर पर दिखाया जाता था। लेकिन ओटीटी ने अब सबकुछ पलट दिया है और वहीं एक्ट्रेसेस अब फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक को लीड कर रही हैं और ऐसा–वैसा नहीं बल्कि अपने रोल से भौकाल मचा डाला है।*

**जेनिफर विंगेटः** वेब सीरीज कोड एम में जेनिफर विंगेट एक आर्मी ऑफिसर मेजर मोनिका की भूमिका में हैं। जेनिफर विंगेट इस वेब शो में बेहद धाकड़ दिखी हैं, जो दुश्मनों की पूरी फौज पर अकेली भारी पड़ने का दम रखती हैं। जेनिफर का किरदार इस शो में खूबसूरत, टैलेंटेड और मारधाड़ में बेहद फुर्तीला है। इस बार एक लड़की दुश्मन के हर दांव को फेल करने में माहिर है। वह अपने स्टंट्स में जितनी फुर्तीली है उतना ही तेज दिमाग भी है।

**तमन्ना भाटियाः** फिल्म बबली बाउंसर में लीड रोल में दिखी हैं तमन्ना भाटिया। तमन्ना इस बार हरियाणा की छोरी की भूमिका में हैं, जो उस गांव से हैं जहां के लड़के बाउंसर्स को अपना करियर पहले से मानकर बैठते हैं और उसी तरफ वह धुनकर मेहनत भी करते हैं। बबली यहां भी ऐसे–ऐसे कारनामे कर जाती है कि देश भर में लोग उन्हें जानने लगते हैं। फिल्म देखकर शायद आपको



एक पल के लिए भी यह कमी नहीं खलेगी कि फिल्म में कोई बड़ा लीड एक्टर नहीं।

**करिश्मा तन्नाः** हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज हश हश खूब चर्चा में रही है। यह सीरीज एक–दो नहीं बल्कि कई एक्ट्रेसेस के लीड रोल के साथ फिल्माई गई है। जूही चावला, आयशा जुल्का, सोहा अली खान जैसी एक्ट्रेसेस के बीच करिश्मा तन्ना अपने पुलिसिया अंदाज (गीता तहलान) से फैन्स का दिल चुरा चुकी हैं।

**टिस्का चोपड़ाः** थ्रिलर सीरीज दहन – राकन का रहस्यः में टिस्का चोपड़ा लीड रोल में हैं, जो आईएएस ऑफिसर के रोल में हैं। 9 एपिसोड की इस सीरीज में टिस्का ने अपने जबरदस्त एक्टिंग का परिचय तो दिया ही है साथ ही यह कह पाने में सफल साबित हुई हैं कि हर फिल्म के लिए सिर्फ किसी हीरो की ही जरूरत नहीं।

**हुमा कुरैशीः** अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जानी जानेवाली हुमा कुरैशी ने वेब सीरीज महारानी और महारानी 2 में काफी दमदार रोल में दिखीं।

**लारा दत्ताः** साल 2020 में हॉट स्टार पर एक ऐसी ही कॉमेडी–एक्शन वेब सीरीज आई थी हंड्रेड, जिसमें लारा दत्ता एसीपी सौम्या शुक्ला के रोल में नजर आईं। इस सीरीज की पूरी कहानी सौम्या के किरदार के इर्द–गिर्द घूमती है, जो अपने करियर में रहते हुए बड़े–बड़े काम करना चाहती है, लेकिन उनके इस ख्वाहिश को हर जगह रोकने की कोशिश की जाती है।

# एयरपोर्ट पर यूं नजर आई दुल्हनिया ऋचा

*बॉलीवुड के पॉपुलर कपल्स में शुमार ऋचा चड्ढा और अली फजल ने हाल ही लखनऊ में अपनी शादी का एक शानदार जश्न रखा, जिसमें परिवार और रिश्तेदार के अलावा करीबी दोस्त शामिल हुए। ऋचा चड्ढा और अली फजल की दिल्ली में मेहंदी, हल्दी और संगीत सेरेमनी हुई थी, जिसके बाद कपल लखनऊ पहुंचा। लखनऊ में ऋचा चड्ढा के ससुरालवालों ने एक शानदार रिसेप्शन पार्टी रखी। इसके लिए ऋचा चड्ढा और अली फजल ने मशहूर डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला के डिजाइन किए कपड़े पहने थे।*



ऋचा चड्ढा के सास–ससुर ने अपनी बहू के लिए शानदार फंक्शन रखा। फंक्शन की शुरुआत राजस्थान के साबरी ब्रदर्स की कव्वाली से हुई। सजावट अवधी लखनवी स्टाइल में की गई थी। त्पबीं बेंकक और अली फजल ने लॉकडाउन के दौरान मार्च 2020 में शादी की थी। लेकिन कोविड और लॉकडाउन के कारण कपल कोई रस्म या फंक्शन ऑर्गनाइज नहीं कर पाया था। इसलिए ऋचा चड्ढा और अली फजल ने अब परिवार के साथ अपनी शादी का जश्न मनाने और हर रस्म निभाने का फैसला किया। ऋचा चड्ढा और अली फजल लखनऊ में रिसेप्शन के बाद मुंबई रवाना हो गए।

**अकेले ही मुंबई पहुंचीं दुल्हनिया ऋचा**

सोमवार को ऋचा चड्ढा मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। ऋचा ने मरून कलर का सूट पहना हुआ था। माथे पर बिंदी और हाथों में लाल सुर्ख मेहंदी लगाए हुए ऋचा बेहद खूबसूरत नजर आ रही थीं। एयरपोर्ट पर रिचा का स्वागत फूलों का बुके देकर किया गया। उन्होंने पपाराजी को स्माइल किया। ऋचा चड्ढा से जब अली फजल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वह लखनऊ में हैं। यानी ऋचा चड्ढा अकेले ही मुंबई पहुंचीं।

**फुकरे के सेट पर हुआ था प्यार**

अली फजल और ऋचा चड्ढा ने एक साथ 2012 में आई फिल्म श्फुकरेश में काम किया था। साथ में काम करते–करते रिचा और अली को प्यार हो गया। ऋचा चड्ढा और अली फजल ने 2017 में वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल किया था। इसके बाद दोनों को अकसर ही साथ में घूमते और वेकेशन में जाते हुए स्पॉट किया गया।

# डायबिटीक मरीजों के लिए किसी इंसुलिन से कम नहीं ये चीज






*जंगली जलेबी एक फल है, जो जलेबी की तरह घुमाउदार होता है और जंगलों में ज्यादा पाया जाता है। इसलिए इसे जंगली जलेबी कहते हैं। वैसे इसके और भी कई नाम है, जिसमें मीठी इमली, गंगा जलेबी, मद्रास थ्रोन, गुआमुचिल शामिल है। यह फल खाने में बहुत स्वादिष्ट होने के साथ ही सेहतमंद फायदों से भरपूर होता है। कई तरह की बीमारियों में भी सकारात्मक प्रभाव दिखाता है।*

**जंगली जलेबी के औषधीय गुण?**

एनसीबीआई के अनुसार, पौधे के अर्क के विभिन्न भागों में एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–इंफ्लेमेटरी, एंटी–माइक्रोबियल, एंटी–डायबिटिक, कार्डियो प्रोटेक्टिव, एंटी–डायरियल, एंटी–अल्सरोजेनिक, लार्विसाइडल और ओविसाइडल गुण मौजूद होते हैं। इसके साथ ही इसमें बायोएक्टिव फाइटोकंपाउंड जैसे फ्लेवोनोइड्स, सैपोनिन, टैनिन, अल्कलॉइड आदि भी पाया जाता है। इसके अलावा इसमें विटामिन सी, विटामिन बी1, बी2, बी3, विटामिन के, आयरन, कैल्शियम, फास्फोरस, प्रोटीन, आहार फाइबर, सोडियम और विटामिन ए भी उपस्थित होता है।

**शुगर को करता है कंट्रोल**

डायबिटीज में जंगली जलेबी का सेवन फायदेमंद माना जाता है। जंगल जलेबी फली के अर्क का रस एंटी–हाइपरग्लाइसेमिक गुणों को प्रदर्शित करने के लिए जाना जाता है। जो टाइप 2 मधुमेह मेलिटस से पीड़ित लोगों में ब्लड शुगर के लेवल को कम करने का काम करता है। इस प्रकार, ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखने के लिए मधुमेह रोगी नियमित रूप से इसका सेवन कर सकते हैं।

**गंदे कोलेस्ट्रॉल के लेवल को रखता है कम**

जंगली जलेबी में मौजूद खून में गंदे स्क्स्कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ ही अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने का काम करता है। साथ ही इसमें मौजूद पौटेशियम हार्ट को हेल्दी बनाए रखने का काम करता है। ऐसे में यह फल हार्ट के मरीजों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

**इम्यूनिटी बढ़ाता है**


जंगल में उगने वाला जलेबी की तरह दिखने वाला यह फल कई तरह के एंटी–ऑक्सीडेंट से भरा होता है। जो शरीर की रोगों और वायरस से लड़ने की क्षमता को बढ़ाने का काम करता है।

**सूजन को कम करता है**

जंगली जलेबी में एंटी–इंफ्लेमेंटरी गुण भी पाया जाता है। यह गुण ब्लड में युरिक एसिड की मात्रा को नियंत्रित करने में मददगार साबित हो सकता है। ऐसे में यदि आप गठिया से ग्रसित हैं, तो यह फल आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**ऐसे करें सेवनः** जंगली जलेबी को अन्य फलों की तरह छिलकर खा सकते हैं, ध्यान रखें की इसका बीज पेट में न जाएं। इसके अलावा कुछ लोग इसे सूखाकर या इसका मुरब्बा बनाकर भी खाते हैं। जंगली जलेबी में कई औषधिय गुण मौजूद होते हैं, लेकिन फिर कुछ लोगों को इसके सेवन से बचना चाहिए।





## 7–8 घंटे नींद–हेल्दी डायट के बावजूद दिनभर बनी रहती है थकान

शरीर में ताकत के लिए क्या जरूरी है? ज्यादातर आपने इसका जवाब पर्याप्त नींद जो कि 7–8 घंटे माना जाता है और संतुलित आहार का सेवन सुना होगा। लेकिन यह हमेशा हो यह जरूरी नहीं। हालांकि थकान दवा और काम का प्रेशर के कारण भी हो सकती है, लेकिन ज्यादा थकान महसूस होने का कारण कभी–कभी आपके शरीर में पल रही बीमारियों के शुरूआती लक्षण भी हो सकते हैं। ऐसे में यदि आप एक संतुलित लाइफस्टाइल फॉलो करने के बावजूद दिन भर थका हुआ महसूस करते हैं। यहां तक की अपने फेवरेट काम को भी करने में मन नहीं लगता तो इस बार आपको अपने डायट में बदलाव करने की जगह तुरंत डॉक्टर के पास जाने की जरूरत है। हम यहां आपको कुछ गंभीर थकावट के कारणों को बता रहे हैं ,जोआपको बेहतर ढंग से अपनी इसकी कंडीशन को समझने में मदद कर सकती है। थकान डायबिटीज का एक सामान्यतौर पर नजर आने वाले लक्षण है। ऐसे में यदि आपके शरीर में लगातार थकावट बनी रहती है तो आपको तुरंत अपना शुगर टेस्ट करवाने की जरूरत है। डायबिटीज एक क्रोनिक बीमारी है, जो लाइफस्टाइल की खराब आदतों और जेनेटिक कारकों का परिणाम होता है।

## सालों तक दिमाग में छप जाएगी देखी–पढ़ी गई चीज

क्या आप एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं, क्या आपको किसी चीज को याद रखने में परेशानी होने का डर है, क्या आप उन लोगों में से हैं, जो समय–समय पर चीजों को भूल जाते हैं? याददाश्त कमजोर होना और चीजों को भूलना बड़ी समस्याएं बनती जा रही हैं और बहुत से लोगों को रोजाना इसका सामना करना पड़ता है। याददाश्त कमजोर होने के कारण क्या है? भूल जाना कभी–कभी कोई बड़ी समस्या नहीं होती और किसी के साथ भी हो सकती है। हालांकि अगर आपके भूलने की बीमारी या याद करने की क्षमता में लगातार गिरावट आ रही है, तो आपको सतर्क हो जाना चाहिए और ऐसे मामले में अपने डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। याददाश्त को मजबूत बनाने के लिए अक्सर हेल्दी डाइट लेने और साथ ही टेंशन फ्री रहकर रोजाना एक्सरसाइज करने की सलाह दी जाती है। गंभीर मामलों में कुछ दवाएं काम आ सकती हैं। हालांकि कमजोर याददाश्त का आयुर्वेद भी बढ़िया इलाज मौजूद है। कई आयुर्वेदिक तरीकों के जरिए मेमोरी बूस्ट करने और दिमागी कामकाज को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

# हार्ट की पंपिंग बढ़ाने के असरदार तरीके, शरीर में तेजी से दौड़ेगा खून



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*आपका दिल कैसे पंप कर रहा है, दिल को कितनी तेजी से पम्पिंग कानरी चाहिए, दिल की पंपिंग पावर कैसे बढ़ाएं? यह ऐसे सवाल हैं जिनसे आपका शायद ही कभी वास्ता पड़ता हो। लेकिन दिल की सेहत के लिए इन सवालों का जवाब मालूम होना बहुत जरूरी है। क्योंकि दिल कैसे काम करता है इस पर नजर रखने से न केवल आपके डॉक्टर को आपको अधिक प्रभावी ढंग से इलाज करने में मदद मिलती है बल्कि बेहतर परिणाम भी मिलते हैं। दिल के बेहतर कामकाज के लिए इसकी पंपिंग पावर का कंट्रोल होना जरूरी है। बहुत तेजी या कम पंपिंग होने से दिल की सेहत खतरे में आ सकती है। दिल के पंपिंग करने को मेडिकल भाषा में इजेक्शन फ्रेक्शन कहते हैं।*

**इजेक्शन फ्रैक्शन क्या है?**

दिल में दो चौंबर होते हैं लेफ्ट और राइट। यह दोनों बराबर रूप से काम करते हैं। इनमें से एक के भी खराब होने से आपका दिल मुश्किल में आ सकता है। राइट चैंबर ऑक्सीजन प्राप्त करने के लिए फेफड़ों में रक्त पंप करना है जबकि लेफ्ट चौंबर का काम आपके पूरे शरीर में ऑक्सीजन युक्त रक्त पंप करता है।

**क्या होता है जब दिल सही से पंपिंग नहीं करता है**

जब दिल नॉर्मल तरीके से पंपिंग करता रहता है, तो दिल को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलता रहता है और हार्ट रेट भी स्थिर रहती है लेकिन कम इजेक्शन होना परेशानी पैदा करता है। कम इजेक्शन का मतलब है कि दिल से पर्याप्त रक्त पंप नहीं हो रहा है और ऐसा होने का मतलब दिल में कुछ गड़बड़ी का संकेत है। दिल की विफलता तब होती है जब हृदय की मांसपेशी रक्त को उतनी अच्छी तरह पंप नहीं करती जितनी उसे करनी चाहिए। रक्त अक्सर बैक अप लेता है और फेफड़ों और पैरों में तरल पदार्थ का निर्माण करता है। तरल पदार्थ का निर्माण सांस की तकलीफ और पैरों की सूजन का कारण बन सकता है।



**दिल के पंपिंग करने की सामान्य दर**

नॉर्मल इजेक्शन फ्रैक्शन (50 प्रतिशत से 70 प्रतिशत) होना चाहिए इसका मतलब है कि आपका दिल काम कर रहा है। सामान्य से थोड़ा नीचे (41 प्रतिशत से 49 प्रतिशत) का मतलब है कि आपको लक्षण नहीं हो सकते हैं, आपका दिल पूरे शरीर में पर्याप्त ऑक्सीजन युक्त रक्त पंप करने के लिए संघर्ष करना शुरू कर देता है। सामान्य से मामूली नीचे (30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत) में मरीजों को कम लक्षण महसूस हो सकते हैं जबकि सामान्य से कम (30 प्रतिशत से कम) में मरीजों में हृदय ताल की गड़बड़ी का खतरा बढ़ जाता है।

**डॉक्टर के पास जाएं**

अगर आपको दिल से जुड़े कोई भी लक्षण महसूस हो रहे हैं, तो आपको बिना देरी किये डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। दिल की विफलता को मैनेज करने के लिए डॉक्टरों के पास कई तरीके हैं। दवाओं से लेकर इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफाइब्रिलेटर्स तक, उनका हार्ट फेल्योर टूलकिट आपके हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी विकल्पों से भरपूर है।

**फिजिकल एक्टिविटी भी है जरूरी**

फिजिकल एक्टिविटी, विशेष रूप से एरोबिक एक्सरसाइज आपके दिल को स्वस्थ करहने में सहायक है। इससे शरीर को दिल से मिलने वाले ऑक्सीजन का सही तरीके से उपयोग करने में मदद मिलती है।

**वजन पर कंट्रोल रखें**

वजन कम करने से सीधे रूप से दिल की पंपिंग करने की पावर में सुधार नहीं होता है लेकिन यह आपको बेहतर महसूस करा सकता है। वजन कंट्रोल रखने से आपको और आपके डॉक्टर को यह समझने में मदद मिलेगी कि असामान्य हृदय क्रिया के कारण द्रव का निर्माण हो रहा है या नहीं।

## चावल की जगह रोज थाली में रखें पोहा, मिलेंगे आयरन–फाइबर जैसे पोषक तत्व



पोहा या चिवड़ा लंबे समय से भारत के कई हिस्सों में पसंदीदा नाश्ते में से एक रहा है। बेहतर सेहत और एनर्जी से भरे दिन की शुरूआत के लिए यह एक अच्छा खाद्य पदार्थ है। पोहा न केवल बनाने में आसान होता है बल्कि पचने में भी हल्का होता है। साथ ही यह आयरन और कार्ब्स से भरपूर और ग्लाइसेमिक इंडेक्स में कम भी होते हैं। जहां, नाश्ते में लोगों की पहली पसंद पोहा होता है, वहीं दिन के भोजन में लोग सफेद चावल जरूर शामिल करते हैं। लेकिन सफेद चावल सेहतमंद नहीं होते हैं। इसलिए डायबिटीज जैसे क्रोनिक बीमारियों में डॉक्टर मरीज को इसके सेवन से परहेज करने की सलाह देते हैं। चावल में बहुत सारे सरल कार्बोहाइड्रेट होते हैं जो लंबे समय से इंसुलिन के उतार–चढ़ाव, सुस्ती और वजन बढ़ने से जुड़े होते हैं। ऐसे में आप सफेद चावल की जगह पोहा का सेवन कर सकते हैं। हालांकि पोहा और चावल दोनो ही धान से बनते हैं। लेकिन पोहा कम प्रोसेस से होकर गुजरता है इसलिए इसमें पोषक तत्व चावल के मुकाबले ज्यादा होते हैं। पोहा सबसे अच्छा नाश्ता है क्योंकि इसमें लगभग 70 प्रतिशत स्वस्थ कार्बोहाइड्रेट और 30 प्रतिशत वसा होता है।



**11वीं बार हुए रबाडा का शिकार**

रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में 11वीं बार कगिसो रबाडा का शिकार बने। उनके खिलाफ रोहित ने 271 रन बनाए हैं। वह संयुक्त रूप से रोहित को सबसे ज्यादा बाहर आउट करने वाले गेंदबाज बन गए हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी भी रोहित को इंटरनेशनल मैचों में 11 बार पवेलियन भेज चुके हैं। इस सीरीज से पहले टी20 इंटरनेशनल में रबाडा ने उन्हें आउट नहीं किया था। टेस्ट मैचों में रोहित 5 और वनडे में 4 बार रबाडा के खिलाफ आउट हुए।

## कगिसो रबाडा के सामने क्यों नहीं चलते रोहित शर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंदौर। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मैच में फेल रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए जब मेहमान टीम ने 227 रन ठोक दिए तो रोहित से बड़ी पारी की उम्मीद थी। इंदौर में ही उन्होंने 35 गेंदों पर टी20 इंटरनेशनल शतक बनाया था। इस मैच में रोहित का खाता भी नहीं खुला और पारी की दूसरी ही गेंद पर बोल्ड हो गए। भारतीय टीम को मैच में 49 रनों की हार झेलनी पड़ी। रोहित शर्मा का विकेट साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को मिला। उनकी अंदर आती गेंद को रोहित ने बैकफुट से पंच करना चाहा लेकिन उन्हें रूम नहीं मिला और गेंद बल्ले के अंदरुनी किनारा विकेट पर जाकर लगी। रोहित शर्मा इस सीरीज के पहले मैच में भी खाता नहीं खोल सके थे। दूसरे मुकाबले में भी जूझते नजर आए थे। रोहित टी20 इंटरनेशनल में 10वीं हार खाता खोले बिना आउट हुए हैं। अन्य कोई भारतीय बल्लेबाज 5 से ज्यादा बार इस फॉर्मेट में डक नहीं हुआ है। रोहित शर्मा को श्रीलंका के ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज भी काफी परेशान करते हैं। उनके खिलाफ 161 रन बनाने में रोहित 10 बाहर आउट हुए हैं। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट ने भारतीय कप्तान को 8 बार आउट किया है।

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले टैंशन में सूर्यकुमार यादव

**क्रिकेट**

## इस सीरीज के प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इंदौर। भारत के लिए सूर्यकुमार यादव ने नंबर–4 पर लगातार रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में सूर्या का बल्ला जमकर बोला। फिर उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों की भी कुटाई की। इससे पहले एशिया कप, वेस्टइंडीज दौरा और इंग्लैंड में भी सूर्यकुमार यादव ने कमाल की पारियां खेली थीं। उन्होंने इंग्लैंड में शतक भी लगाया था। इसी वजह से टी20 वर्ल्ड कप में वह टीम के प्रमुख खिलाड़ी होंगे।

भारत के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में दिनेश कार्तिक चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने 21 गेंदों पर 46 रनों की तूफानी पारी खेली। कार्तिक की इस पारी में 4 चौके और 4 छक्के शामिल थे। भारत को दूसरे ही ओवर में दूसरा



झटका लग गया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे कार्तिक ने गेंदबाजों की जमकर कुटाई की।

उनकी बल्लेबाजी देखकर सूर्यकुमार को अपने बल्लेबाजी पोजिशन पर खतरा दिखने लगा है। सूर्या ने मैच के बाद कहा, मुझे एक कदम बैक सीट लेना पड़ा और उसके साथ साझेदारी बनानी पड़ी। डीके को गेम टाइम की जरूरत थी और मुझे लगता है कि उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की, मेरा नंबर 4 मुश्किल में है। मैंने इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचा है, लेकिन मैं इसका इंतजार कर रहा हूं।

सूर्यकुमार यादव को इस सीरीज के बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड मिला। उन्होंने 3 पारियों में 195 की स्ट्राइक रेट से 119 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 10 चौके और 9 छक्के लगाए। पहले मैच में बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर उन्होंने 33 गेंदों पर 50 रनों की पारी खेली थी। दूसरे मैच में 22 गेंदों पर उनके बल्ले से 61 रन निकले थे।
सूर्यकुमार यादव ने बताया कि उनके दोस्त उन्हों रिकॉर्ड भेजते हैं। सूर्या ने कहा– वास्तव में नहीं, मैंने रिकॉर्ड नहीं देखता हूं। मेरे दोस्त ये चीजें (आंकड़े और नंबर) व्हाट्सएप पर भेजते हैं, मैं इसे फॉलो नहीं करता।

## सिराज से हुई बड़ी गलती, दीपर चाहर और रोहित शर्मा फा फूटा गुस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच इंदौर के होल्कर स्टेडियम में तीन मैचों की टी20 सीरीज का आखिरी मैच खेला गया। इस मैच में मेहमान टीम ने जीत के साथ सीरीज को खत्म किया। हालांकि भारत ने टी20 सीरीज को 2–1 से जीत लिया। इस मैच में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने रिली रोसो के नाबाद शतक और डिकाक की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 3 विकेट पर 227 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में टीम इंडिया 18.3 ओवर में 178 रन पर सिमट गई। इस मैच को साउथ अफ्रीका ने 49 रनों से जीत लिया।

### भारतीय प्लेइंग इलेवन में किए गए थे तीन बदलाव

बता दें कि इस मैच के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन में तीन बदलाव किए गए और केएल राहुल, विराट कोहली व अर्शदीप सिंह को आराम दिया गया। इनकी जगह टीम में श्रेयस अय्यर, मोहम्मद सिराज और उमेश यादव को मौका दिया गया।

इस मैच में एक बार फिर भारत के गेंदबाज असफल साबित हुए। वहीं, टीम इंडिया की फील्डिंग भी इस मैच में औसत से भी निचले स्तर की रही। सिर्फ श्रेयर अय्यर के अलावा कोई भी खिलाड़ी मैदान में बतौर फीलडर अपना जलवा बिखेर नहीं पाए। इस मैच में भारत के फील्डर्स ने जमकर रन लुटाए। गौरतलब है कि पिछले कुछ सालों में भारत की फील्डिंग डिपार्टमेंट काफी बेहतरीन दिखी है।

इस मैच में दीपक चाहर ने अपने आखिरी ओवर में 24 रन लुटाए। दिलचस्प बात है कि दीपक की एक गेंद पर मोहम्मद सिराज नें बाउंड्री के नजदीक डेविड मिलर का कैच तो लिया लेकिन लेकिन कैच लेने के बाद उन्होंने गलती से बाउंड्री रोप पर पैर रख दिया।

सिराज की गलती की वजह से साउथ अफ्रीका को उस गेंद पर छक्का मिला। सिराज की इस गलती पर गेंदबाज चाहर और रोहित शर्मा काफी नाराज दिखे। दीपक ने गुस्से में मोहम्मद सिराज के खिलाफ अभद्र भाषा तक प्रयोग कर दिया। 20वें ओवर बल्लेबाजी करने उतरे डेविड मिलर ने तीन छक्कों के साथ 5 गेंदों में 19 रन ठोके।

## खिलाड़ियों ने दी दशहरे की शुभकामनाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूरा देश आज बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व दशहरे को धूम–धाम से मना रहा है। इस पावन अवसर पर खिलाड़ी भी किसी से पीछे नहीं रहना चाहते हैं इसलिए सोशल मीडिया के माध्यम से ही सही इस मौके पर सचिन, युवराज और विराट सहित कई अन्य क्रिकेटरों ने देश वासियों को शुभकामनाएं दी है। सचिन ने अपने टविटर के माध्यम से दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए लिखा है कि आइए सब मिलकर बुराई पर अच्छाई की जीत के इस पर्व को मनाएं। युवराज सिंह ने लिखा है अच्छाई की जीत, अहंकार की हार, मुबारक हो सबको, दशहरा का त्यौहार!

भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने भी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने लिखा है कि प्रकाश सदा बना रहे। केएल राहुल ने भी शुभकामनाएं देते हुए लिखा सभी को प्रेम, प्रकाश और समृद्धि। टीम इडिया से फिलहाल बाहर चल रहे और जसप्रीत बुमराह के संभावित रिप्लेसमेंट मोहम्मद शमी ने भी लोगों को इस पावन अवसर पर सबको शुभकामनाएं दी है। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने भी इस मौके पर सोशल मीडिया पर सबको शुभकामनाएं दी है।

## न्यूज डायरी



### बुमराह के बिना भी टीम इंडिया कर सकती है बेहतर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ हो या फिर कप्तान रोहित शर्मा सब एक सुर में कह रहे हैं कि वर्ल्ड कप में टीम इंडिया को जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी। बुमराह बैक इंजरी के कारण वर्ल्ड कप से बाहर हो चुके हैं और टीम मैनेजमेंट फिलहाल उनके रिप्लेसमेंट की तलाश में है। लेकिन इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने कहा है कि टीम इंडिया जसप्रीत बुमराह के बिना भी वर्ल्ड कप में अच्छा कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम बुमराह के बिना ही खेले हैं। कुछ ही मैच होंगे जिसमें वह खेले थे लेकिन फिर भी हमने अच्छा किया है। अजय जडेजा ने इसके लिए पाकिस्तान का भी उदाहरण दिया जो 1992 वर्ल्ड कप में बिना अपने स्टार खिलाड़ी वकार युनुस के खेली थी। उन्होंने कहा कि 1992 वर्ल्ड कप में वकार अचानक बैक इंजरी के कारण बाहर हो गए थे। उस वक्त वह पाकिस्तान के स्टार गेंदबाज थे। लेकिन बावजूद इसके टीम ने बेहतरीन किया और वर्ल्ड कप का खिताब जीता इसलिए टीम इंडिया भी ऐसा कर सकती है।

### कोहली और केएल को क्यों मिला आराम, कोच राहुल द्रविड़ ने बताई अंदर की बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंदौर। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने स्वीकार किया कि पीठ की चोट के कारण आगामी टी20 विश्व कप से जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी भारतीय टीम के लिए बड़ी क्षति होगी। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि यह किसी अन्य खिलाड़ी के लिए प्रदर्शन करने का अवसर होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को घोषणा की कि तेज गेंदबाज बुमराह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप में नहीं खेलेंगे जिससे भारतीय टीम को झटका लगा है जो डेथ ओवरों में गेंदबाजी की समस्याओं का सामना कर रही है। द्रविड़ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 में भारत की 49 रन की हार के बाद कहा, 'बुमराह की अनुपस्थिति एक बड़ी क्षति है। वह एक दिग्गज खिलाड़ी हैं लेकिन ऐसा होता है, यह किसी और के लिए अवसर है। हमें उनकी और टीम के इर्द–गिर्द उनके व्यक्तित्व की कमी खलेगी।' उन्होंने कहा, 'दोनों सीरीज (दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) में सही परिणाम पाकर अच्छा लगा।

### अब प्लान बी पर काम करेगा भारत, तैयार है नई चाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण टी–20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं जो भारत के लिए बड़ा झटका है। अब सवाल यह उठ खड़ा हुआ है कि भारत के तेज आक्रमण का नेतृत्व कौन करेगा क्योंकि भारत 2007 में जीते विश्व कप को फिर से जीतना चाहता है। 28 सितंबर को पहली बार बुमराह के चोट लगने की खबर बाहर आई थी। तब कहा गया था कि यह तेज गेंदबाज विश्व कप से बाहर हो सकता है। बीसीसीआई प्रमुख सौरव गांगुली और प्रमुख कोच राहुल द्रविड़ ने उनके विश्व कप से बाहर होने की खबर को नकारा था और कहा था कि वह वर्ल्ड कप में वापसी करेंगे। बुमराह कम से कम छह सप्ताह तक एक्शन से बाहर रह सकते हैं। इससे पहले पीठ की चोट के कारण ही वह एशिया कप में भी नहीं खेले थे। हालांकि उनका चयन ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी–20 सीरीज के लिए हुआ था और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा और तीसरा टी–20 मैच भी खेले थे।

### इतनी पिटाई के बाद भी क्यों वायरल हो रहे हैं दीपक चाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले गए तीसरे और आखिरी टी20 मैच में टीम इंडिया को 49 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में भी भारत के गेंदबाजों की खूब पिटाई हुई। दीपक चाहर सहित 5 गेंदबाजों ने 11 की ज्यादा की इकोनॉमी से रन लुटाए। चाहर ने 4 ओवर की गेंदबाजी में 48 रन दिए और 1 विकेट हासिल किया। लेकिन बावजूद इसके वह मैच के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। उन्होंने 16वें ओवर के पहली गेंद पर कुछ ऐसा किया जिसके बाद वह चर्चा के केंद्र में आ गए। दरअसल 16वें ओवर की पहली गेंद पर जब रिले रुसो और ट्रिस्टन स्टब्स बल्लेबाजी कर रहे थे तो चाहर ने गेंद फेंकने से पहले ही क्रीज छोड़ चुके स्टब्स को मांकडिंग करने का प्रयास किया।

हमारा दून

बेस अस्पताल में बस दुर्घटनाग्रस्त में घायल हुए लोगों का हालचाल जानते हुए सीएम।



# प्रभावितों को हर संभव मदद दी जायेगी: सीएम

## बस हादसा

■ सीएम धामी ने सिमडी, पौड़ी में हुई बस दुर्घटना स्थल का लिया जायजा



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सिमडी, पौड़ी में हुई बस दुर्घटना स्थल का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक भी मौजूद थे। 4 अक्टूबर 2022 की देर सायं को सिमड़ी में हुई वाहन दुर्घटना एवं राहत–बचाव कार्यों की मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन से पूरी जानकारी ली।

**मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 30:** मृतकों की सख्ंया बढ़कर 30 हो गई है। खाई से अभी तक 18 शव निकाले जा चुके हैं। वहीं नौ शव अभी भी खाई में हैं। जिन्हें निकलने का कार्य चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने रेस्क्यू कर रहे एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, स्थानीय पुलिस, राजस्व पुलिस और इस कार्य में लगे विभिन्न विभागीय कार्मिकों को तेजी से रेस्क्यू कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को घायलों का त्वरित और समुचित उपचार करने के निर्देश दिए। प्रभावित परिवारों से मुलाकात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि घायलों को उचित उपचार दिया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से प्रभावितों को हर संभव मदद दी जायेगी।

मुख्यमंत्री कल देर सांय से ही अधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी ले रहे थे। उन्होंने राज्य आपदा कंट्रोल रूम पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया एवं अधिकारियों को हालात पर लगातार नजर बनाए रखने एवं शासन स्तर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये थे।

### बस हादसे और हिमस्खलन मृतकों के परिजनों को मुआवजे का ऐलान

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 4 अक्टूबर को उत्तरकाशी और पौड़ी की घटनाओं में प्रभावितों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। दोनों घटनाओं में मृतकों के परिजनों को 2–2 लाख रुपये, गम्भीर घायल को 1–1 लाख रुपये और सामान्य घायल को 50–50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उक्तानुसार सहायता राशि प्रभावितों को तत्काल उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये हैं।

इस अवसर पर विधायक लैंसडाउन दिलीप रावत, गढ़वाल आयुक्त सुशील कुमार, डीआईजी करण सिंह नगन्याल, जिलाधिकारी विजय कुमार जोगदण्डे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यशवंत सिंह चौहान उपस्थित थे।

### बस दुर्घटनाग्रस्त में घायल हुए लोगों का हालचाल जाना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को कोटद्वार बेस अस्पताल में सिमड़ी, पौड़ी में हुई बस दुर्घटनाग्रस्त में घायल हुए लोगों का हालचाल जाना। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कोटद्वार बेस अस्पताल में घायलों के परिवारजनों से मुलाकात कर कहा कि घायलों के ईलाज के लिये सरकार द्वारा पूरी व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती घायलों के बारे में डाक्टरों से पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सिमड़ी, पौड़ी बस दुर्घटना में फर्स्ट रेस्पांडर के रूप में घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले आस–पास के ग्रामीण पहुँचे और उन्होंने घायलों को बाहर निकालने में मदद की। मुख्यमंत्री ने डीएम पौड़ी को निर्देशित किया है कि जिन ग्रामीणों ने आपदा की घड़ी में घायलों को और मृतकों को बाहर निकालने में मदद किया है उनकी सूची बनाकर उनको भी प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की जाए।

# 6 से 16 अक्टूबर तक सरस मेले का होगा आयोजन

## सरस मेला

■स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रतिभाग कर स्थानीय उत्पादों को किया जाएगा प्रदर्शित



**संवाददाता**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मिशन के तहत एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में ग्राम्य विकास विभाग एवं जिला प्रशासन देहरादून द्वारा देहरादून जनपद में श्री गुरुनानक पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज ग्राउंड में 06 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देहरादून सहित राज्य के अन्य जनपदों एवं देशभर से आए स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रतिभाग कर अपने स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा तथा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आ आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में ग्राम्य विकास मंत्री उत्तराखण्ड सरकार गणेश जोशी द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक राजपुर विधानसभा खजानदास द्वारा की जाएगी।

बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने सरस मेले की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कार्यक्रम स्थल पर बनाये जा रहे स्टॉल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सरस मेले में प्रतिभाग करने आए त्रिपूरा, मेघालय, जयपुर, लखनऊ, बिहार सहित अन्य प्रदेशों एवं जनपद देहरादून व राज्य के अन्य जनपदों से आए स्वयं सहायता समूहों से भी वार्ता करते हुए उनके द्वारा प्रदर्शित किये जा रहे उत्पादों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को समय पूर्ण करने तथा विभिन्न स्थानों से आए स्वयं सहायता समूहों के लोगों के लिए उचित व्यवस्था करने के साथ ही स्टॉल आंवटित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए तथा लोक संस्कृति को बढावा देने के लिए जनपद देहरादून में सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है।

### बॉबी कटारिया की आज देहरादून कोर्ट में होगी पेशी

**संवाददाता** देहरादून। दून में खुलेआम सड़क पर ट्रैफिक रुकवाकर शराब पीने के मामले में फरार यूट्यूबर बॉबी कटारिया दिल्ली में सरेंडर कर चुका है, जिसके बाद उसे तिहाड़ भेजा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की बात मानें तो देहरादून पुलिस कटारिया को आज बी वारंट पर देहरादून लाएगी।

देहरादून कोर्ट में उसकी पेशी होगी। मालूम हो कि कटारिया के खिलाफ देहरादून के किमाड़ी रूट पर सड़क रोककर शराब पीने का केस दर्ज है। अगस्त में यह वीडियो वायरल हुआ था। मामले को गंभीरता से लेते हुए उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार के आदेश पर कैंट पुलिस थाने में 11 अगस्त को केस भी दर्ज किया गया था। 25 जुलाई को किमाड़ी मार्ग पर वीडियो बनाया गया था।

हैरानी वाली बात है कि आरोपी बॉबी ने केस दर्ज होने के बाद सोशल मीडिया पर उत्तराखंड पुलिस को धमकी भी दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### दून में कालसी से लखवाड़ जा रही एक कार खाई में गिरी

**संवाददाता** विकासनगर। कालसी से लखवाड़ की ओर जा रही एक कार लखवाड़ बैंड के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर थाना हाजा, एसडीआरएफ ने रेस्ख्क्यू कर सभी घायलों को खाई से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि लखवाड बैंड जॉनी थाना कालसी से करीब 45 किलोमीटर है, के पास एक कार खाई में गिर गई। सूचना पर थाना हाजा से फोर्स रवाना की गई। साथ ही इसकी सूचना उच्च अधिकारियों और एसडीआरएफ, 108 को भी दी गई।

### कॉल सेंटर में बंधक बनाए गए थे असम के एक युवती और दो युवक

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश में लक्ष्मण झूला के अंतर्गत कुनाऊ गांव में संचालित हो रहे एक कॉल सेंटर से दो युवक और एक युवती भाग निकले। आरोप है कि कॉल सेंटर संचालक ने इन तीनों को जबरन अपने यहां रोक रखा था। बुधवार की सुबह मौका देखकर यह तीनों भाग निकले। कॉल सेंटर संचालक भी यहां से फरार हो गए हैं। पुलिस कॉल सेंटर से भागे युवती और युवकों से पुलिस पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि कॉल सेंटर को गौरव नाम का व्यक्ति संचालित करता था जो आवास विकास कॉलोनी ऋषिकेश में रहता है।

### मेयर ने किया गया मॉ भगवती विशाल जागरण का उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। बन्नु कॉलोनी सोसायटी, रेसकोर्स द्वारा मॉ भगवती विशाल जागरण एवं भण्डारा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मेयर देहरादून श्री सुनिल उनियाल गामा ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर धर्मपुर विधायक श्री विनोद चमोली, पार्षद श्रीमती राखी बड़थ्वाल एवं पूर्व पार्षद श्री गणेश बड़थ्वाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेयर सुनिल उनियाल गामा ने बन्नु कॉलोनी में सामुहिक मंच एवं स्टोर कक्ष का उद्घाटन किया। ज्ञातव्य है कि पिछले नवरात्र जागरण के अवसर पर मेयर देहरादून द्वारा मंच निर्माण करने की घोषणा की गई थी।

### अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के साथ मनायें हैप्पीनेस अपग्रेड डेज

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन इंडिया का 23 सितंबर को शुरू हुआ महीने भर चलने वाले फेस्टिव सेलिब्रेशन अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल जारी है इस जश्न के बीच अमेजन.इन ने आज हैप्पीनेस अपग्रेड डेज पावर्ड बाय इंटेल ईवीओ की घोषणा की है हैप्पीनेस अपग्रेड डेज 4 अक्टूबर से शुरू होकर 8 अक्टूबर तक चलेगा यहां ग्राहकों को सभी कैटेगरी के उत्पादों पर एक्स्ट्रा सेविंग करने का मौका मिलेगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।